# 1 इक छोटी चिड़िया

झूल रही है डाली-डाली,
छोटी चिड़िया भोली-भाली।

आम लगी वह खाने जैसे,
पेड़ कहे, पहले दो पैसे।
चिड़िया बोली, ऐसे-कैसे,
क्या करने हैं पैसे-वैसे?

घर चिड़िया जब लगी बनाने,
पेड़ कहे, पहले दो दाने।
क्या करने हैं दाने-वाने?
आई तुमको गीत सुनाने।

पेड़ कहे सुन पंखोंवाली,
छोड़ न जाना मेरी डाली।
चिड़िया बोली कभी न जाऊँ,
प्यारे-प्यारे गीत सुनाऊँ।

**सुनीता काम्बोज**



| इक (एक) | भोली-भाली (सरल स्वभाव) |
| --- | --- |
| one | simple nature |



देखो-देखो!

सान्या का बस्ता।

इसमें पुस्तक एक नहीं है।



पुस्तक
book

इसमें है...



फूलों का गुच्छा
bunch of flowers



नानी की चिट्ठी
letter



पत्थर के टुकड़े
stones




मक्खन की टिकिया
butter



अरे! यह क्या है?

मक्खी!
fly

# 8 बरतनवाला पेड़

नीटू का घर जंगल के पास था। वह माँ के कहने पर कई बार जंगल से सूखी लकड़ियाँ लेने जाता था।

एक दिन जब वह जंगल में गया तो वहाँ एक पेड़ को देखकर हैरान रह गया। पेड़ पर नए बरतन लगे हुए थे।

किसी डाल पर कटोरी थी। किसी डाल पर प्लेट। किसी डाल पर चम्मच और कलछी लगे थे। किसी डाल पर गिलास लगे हुए थे। एक डाल पर तो पतीला भी लगा हुआ था। नीटू खुशी से ताली बजाने लगा।





कटोरी
bowl



प्लेट
plate



चम्मच
spoon

बरतन
utensils



पतीला
pot



गिलास
glass



कलछी
ladle

पेड़ ताली की आवाज सुनकर झुक गया। तभी नीटू को याद आया कि घर में गिलास नहीं है। सब कटोरी से ही पानी पीते हैं। नीटू ने पेड़ से एक गिलास तोड़ा और चला गया।

| जंगल (वन) | ताली बजाना |
|---|---|
| forest | to clap |

**6. आधे र (र्) वाले शब्दों पर गोला लगाओ। (Circle the words that have र् sound.)**



सूर्य



सड़क



वर्षा



मिर्च



पार्क

**तोड़ो और लिखो। (Separate the letters and write.)**

सूर्य  सू + र् + य

वर्षा  ____ + र् + ____

मिर्च  ____ + ____ + ____

पार्क  ____ + ____ + ____

> आधे र (र्) को उसके बाद आनेवाले वर्ण के ऊपर ( र्‍ ) लगाते हैं।

**7. दिए गए शब्दों की मदद से चित्रों के नाम लिखो।**

**(Name the pictures using the words given below.)**

फ्रिज    आइसक्रीम    ब्रश    प्रातः



____________



____________




____________



____________

> खड़ी पाई (।) वाले वर्णों (जैसे—क्, प्, ब्, म्, फ्, आदि) के साथ र इस तरह (्र) लगता है।

## 6. पढ़ो, लिखो, समझो। (Read, write, understand.)




### किसने क्या कहा?

| | |
|---|---|
| राम ने कहा | इसे मैं लूँगा। |
| श्याम ने कहा | नहीं, यह मेरा है। |
| सोहन ने कहा | मुझे भी यही चाहिए। |
| मोहन ने कहा | यह पिताजी मेरे लिए लाए थे। |

**बताओ**

मैं किसके लिए आया? राम के लिए

मेरा किसके लिए आया? ______________ लिए

मुझे किसके लिए आया? ______________ लिए

मेरे किसके लिए आया? ______________ लिए

**अब समझो** राम, श्याम, सोहन, मोहन नाम हैं।

मैं, मेरा, मुझे, मेरे नाम की जगह आनेवाले शब्द हैं।

नाम के स्थान पर आनेवाले शब्द सर्वनाम (pronoun) कहलाते हैं।

**9. सुनो और पंक्तियाँ पूरी करो।**




- सपना, अपर्णा, राघवन, पीटर और रजनी बगीचे में खेल रहे हैं।
- सपना पेड़ पर लगे झूले पर ______________________
- पीटर अकेला ही फुटबॉल से ______________________
- अपर्णा पेड़ की डाल से ______________________
- राघवन पतंग ______________________
- रजनी रस्सी ______________________

## गतिविधि



**कक्षा में बारी-बारी से बच्चे किसी काम को करने का अभिनय (acting) करेंगे। जैसे, एक बच्चा नाचने का अभिनय करेगा, बाकी पहचानकर बताएँगे—नाचना।**
**(Children to show different actions by turn. Others to identify.)**

## गतिविधि

**आओ चिड़िया का घोंसला बनाएँ। (Let's make a bird's nest.)**

### हमें चाहिए


कागज का कप
paper cup


भूरे रंग का कागज
brown paper


गोंद
glue


कैंची
scissors


ऐलुमिनियम फॉयल
aluminium foil

### बनाने का तरीका

- भूरे कागज को छोटा-छोटा काटो।



- गोंद से कप पर कागज के कटे टुकड़े चिपकाओ।



- ऐलुमिनियम फॉयल को गोल कर अंडों का आकार दो।



- अंडों को घोंसले में रखो।



**घोंसले कई प्रकार के होते हैं। इन घोंसलों में बैठे पक्षियों को पहचानो और इनके नामों से मिलाओ। (Birds make different kinds of nests. Match the nest to the bird's name.)**

पत्थर का घोंसला



पत्तों का घोंसला



गुहा घोंसला



तिनकों, आदि का घोंसला



बतख
duck

पेंग्विन
penguin

दरजिन चिड़िया
tailorbird

कठफोड़वा
woodpecker

## गतिविधि

1. कहानी सुनकर सही क्रम संख्या [1, 2, 3 4...] लिखो और चित्र में रंग भरो।
(Listen to the story, fill in the correct order [1, 2, 3 4...] and then colour.)



## शेर और चूहा

- तभी कहीं से एक चूहा आया और शेर के ऊपर कूदने लगा। ◯
- एक शेर पेड़ के नीचे सो रहा था। (1)
- नींद खराब होने पर शेर गुस्से में चूहे से बोला कि मैं तुम्हें खा जाऊँगा। ◯
- शेर को चूहे पर दया आ गई और उसने चूहे को छोड़ दिया। ◯
- चूहा बोला कि मुझे मत खाइए, क्या पता मैं आपके किसी काम आ जाऊँ। ◯
- कुछ दिनों बाद चूहे ने देखा कि शेर शिकारी के जाल में फँसा हुआ है। ◯
- चूहे ने अपने पैने दाँतों से जाल काट दिया। ◯

## गतिविधि

**नानी की चिट्ठी पढ़ो। (Read Nani's letter.)**

प्यारी सान्या

गरमी का मौसम आ गया है। मच्छर बहुत बढ़ गए हैं। मच्छरों से बचकर रहना। आसपास पानी इकट्ठा न होने देना। साफ-सफाई का ध्यान रखना।

तुम्हारी नानी

अपने मित्र को चिट्ठी लिखो। चिट्ठी को एक लिफ़ाफ़े में डालो। लिफ़ाफ़े पर मित्र का नाम लिखो। फिर उसे कक्षा में रखे लेटर बॉक्स के आकार के डिब्बे या लाल रंग के बैग में डाल दो। शिक्षक एक बच्चे को डाकिया बनाकर सभी पत्र बँटवाए।



चिट्ठी



लिफ़ाफ़ा




लेटर बॉक्स



डाकिया

**लिखो**

**आपकी चिट्ठी कौन लेकर आया?**

मेरी चिट्ठी ________ ________ ________।

**शिक्षण संकेत** लिफ़ाफ़े शब्द में फ़ के नीचे लगे बिंदु को नुक्ता कहते हैं। नुक्ता लगाने से उच्चारण में फर्क आता है, जैसे—फल में फ (pha) और लिफ़ाफ़े में फ़ (fa) का उच्चारण होता है। इसी तरह नुक्ता लगाने से राजा में ज (ja) और ज़मीन में ज़ (za) का उच्चारण होता है। अंग्रेजी के शब्दों में (ऑ) की आवाज के लिए 'ॅ' का प्रयोग किया जाता है, जैसे—बॉक्स।

**2. पहेलियाँ सुनो, पढ़ो और बूझो। (Listen to the audio, read and solve the riddles.)**

**क.** बारिश आती, खूब नहाता,
फुदक-फुदककर गाना गाता।
धरती, पानी सब से नाता,
कीड़े-मकोड़े सारे खाता॥

__________

**ख.** हरा रंग और लाल चोंच,
जो बुलवाओ बोले।
हरी मिर्च को देखकर,
झट अपना मुँह खोले॥

__________

**ग.** सुबह-सुबह छत पर आकर,
काँव-काँव चिल्लाता।
उसकी बोली सुनकर,
हर कोई उसे भगाता॥

__________

**घ.** पंख मिले, पर उड़ नहीं पाती,
घर है उसका पानी।
पैर नहीं, पर चलती जाती,
कहते उसको जल की रानी॥

__________

## गतिविधि

रंग त्योहारों (festivals) की सुंदरता (beauty) बढ़ाते हैं। होली पर लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। वहीं दीवाली पर रंगों से रंगोली बनाई जाती है। ओणम पर रंग-बिरंगे फूलों से रंगोली बनाकर घर को सजाया जाता है।

**इन्हें देखो और एक रंगोली बनाओ। (Look at these two and make a rangoli.)**



